हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
शनिवार
12 जुलाई 2025, बरेली

PAGE NO : 07 MIDDLE

# बरेली राइडर्स और एसआरएमएस जीता

**बरेली, मुख्य संवाददाता।** अंडर-14 जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को स्टेडियम में दो मैच खेले गए। बरेली राइडर्स व एसआरएमएस ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पहले मैच में बरेली राइडर्स ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 126 रन बनाए। पल्लव प्रताप सिंह ने 35 और कृपांशु गंगवार ने 30 रनों का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए क्रिकेट नर्सरी की पूरी टीम 13.4 ओवरों में मात्र 52 रनों पर ढेर हो गई। पल्लव को मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में एसआरएमएस के कप्तान हिमांशु ने 20 ओवरों में सात विकेट खोकर 182 रन बनाए। कप्तान हिमांशु गंगवार ने 21 गेंदों पर छह छक्कों की मदद से नाबाद 50 रन बनाए। लाखन ने नौ गेंदों में तीन छक्के लगाकर 35 रनों की पारी खेली। जीपी अकादमी की टीम 12.4 ओवर में महज 57 रन ही बना पाई।


शुक्रवार को टूर्नामेंट में भाग लेते खिलाड़ी।